Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Regarding maintenance of communal harmony despite recent incident of bomb blast at Sankat Mochan Temple in Varanasi, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय उपाध्यक्ष जी, संकट मोचन मंदिर वाराणसी ने साम्प्रदायिक सौहार्द की अद्‌भुत मिसाल पेश की है। इस सदन के माध्यम से मैं कहना चाहूंगा कि दोनों सदनों ने, बम धमाकों के बाद मृतक परिवारों के लिए दो मिनट का शोक किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतकों के लिए पांच-पांच लाख रूपए और घायलों के लिए एक-एक लाख और पचास-पचास हजार रूपए दिए हैं। बड़ी शर्म की बात है कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए संगठन के कुछ लोगों ने कहा कि मंदिर के कैंपस में हमें धरना देने की परमीशन दी जाए। मंदिर के जितने भी कर्मचारी और अधिकारी हैं, मैं आज सदन के माध्यम से उन सभी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मंदिर में धरना-प्रदर्शन की परमीशन नहीं दी। यही नहीं हमारे तमाम राजनीतिक दल के लोग, बड़े-बड़े नेता वहां गए और खासकर सलमान खुर्शीद साहब जब वहां गए, तो भाजपा के संगठन के लोग ओर ि वद्यार्थी परिद के लोगों ने कहा कि पूरे मंदिर को गंगा जल से धोना चाहिए। इससे साफ जाहिर हो रहा है साम्प्र ादायिकता और धार्मिक उन्माद को फैलाने में भारतीय जनता

---

* Not Recorded.

पार्टी बहुत आगे है। आज पूरे देश में जो अमन-चैन और शांति है, जिसके लिए हम लोग साम्प्रदायिक त्यौहार, भाईचारा, कौमी एकता का नारा देते हैं, लेकिन यह पार्टी हर जगह जहां पर दंगा होता है और उस दंगे में जो मृतक होते हैं, उनकी लाशों पर अपनी राजनीति की रोटी सेकने का काम करती है। मैं इस सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि ऐसे संगठन पर रोक लगायी जाए, जो सांप्रदायिकता का माहौल फैलाने का काम करती है।